बरेली, रविवार
12 मई, 2024
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 20+4=24

दैनिक जागरण

PAGE NO : 04 TOP

एसआरएमएस के तकनीकी वार्षिक उत्सव टेक व्योम में शनिवार को लगी प्रदर्शनी देखते ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी देव मूर्ति, साथ में मौजूद छात्र-छात्राएं ● सौ.-मीडिया प्रभारी

एसआरएमएस में मनाया तकनीकी वार्षिक उत्सव टेकव्योम

जारां, बरेली : श्रीराम मूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी में शनिवार को तकनीकी वार्षिक उत्सव टेकव्योम का आयोजन हुआ। इसका उद्घाटन एसआरएमएस ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी देव मूर्ति, ट्रस्ट सचिव आदित्य मूर्ति ने किया। प्रबंध न्यासी ने टेकव्योम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए ज्ञान के आदान-प्रदान और सहयोग के लिए एक मंच प्रदान करने के लिए ऐसे आयोजनों की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। इस दौरान ट्रस्ट सलाहकार सुभाष मेहरा, प्राचार्य सीईटी प्रोफेसर प्रभाकर गुप्ता, डायरेक्टर प्लेसमेंट सेल डा. अनुज कुमार, चीफ प्राक्टर डा. जितेंद्र कुमार यादव, डायरेक्टर फार्मेसी डा. आरती गुप्ता, सीईटीआर प्राचार्य डा. एलएस मौर्या, दिव्यांशु सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।